राष्ट्रीय सेवा योजना
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

पत्रांकः 20 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2022–23 दिनांकः 25.05.2022

अनुस्मारक–1

सेवा में,

प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी(राष्ट्रीय सेवा योजना),
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः सत्र–2021–22 राष्ट्रीय सेवा योजना, सामान्य कार्यक्रम एवं विशेष शिविर कार्यक्रम का व्यय–विवरण, वार्षिक आख्या एवं स्पाईरल वाइंडिग तथा सत्र–2022–23 हेतु इकाई आवंटन प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–113 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2022, दिनांकः 26 अप्रैल, 2022 के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्रसंख्या–09 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2022–23, दिनांक 29.04.2022 द्वारा वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध समस्त इकाई से सत्र 2021–22 में सामान्य कार्यक्रम एवं विशेष शिविर कार्यक्रम में व्यय धनराशि का व्यय विवरण, आयोजित कार्यक्रम की विस्तृत वार्षिक आख्या(स्पाईरल वांइडिग) तथा सत्र–2022–23 हेतु इकाई आवंटन (छात्र संख्या आवंटन) प्रस्ताव शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 20.05.2022 तक विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु आप द्वारा आज दिनांक 20.05.2022 तक उक्त प्रपत्र कार्यालय को प्राप्त नही कराया गया है। जबकि इस संदर्भ में शासन द्वारा क्रमशः पत्र संख्या–125 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2022 दिनांक 06.05.2022 एवं पत्र संख्या–137 / सत्तर–रा0से0यो0को0–2022, दिनांक 12 मई, 2022 के द्वारा दिनांक 25.05.2022 तक उपर्यांकित सूचना मांगी जा रही है।

अतः उक्त के अनुपालन में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपर्यांकित प्रपत्र दिनांक 10.06.2022 तक रा0से0यों0 कार्यालय को अवश्य उपलब्ध करा दें, ताकि शासन के आदेश का अनुपालन किया जा सके, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी।

भवदीय

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव माननीय कुलपति जी, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
4. वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. प्रभारी विश्वविद्यालय वेवसाईट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेवसाईट के एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें। जिससे सभी महाविद्यालयो को सूचना मिल सके तथा समय से प्रपत्र कार्यालय को उपलब्ध हो सके।

डॉ0(राकेश कुमार यादव)
कार्यक्रम समन्वयक